**CBSE कक्षा 11 अर्थशास्त्र**

**उदारीकरण निजीकरण और वैश्वीकरण**

**महत्त्वपूर्ण प्रश्नोत्तर**

---

**एक अंक को प्रश्न**

1. **भारत के आर्थिक सुधार कब प्रारंभ किये गए?**
   **उत्तर-** 1991 से
2. **उदारीकरण से आप क्या समझते हैं?**
   **उत्तर-** उदारीकरण का अर्थ है सरकार द्वारा लगाए गए प्रत्यक्ष या भौतिक नियंत्रणों से अर्थव्यवस्था की मुक्ति।
3. **जीकरण क्या है?**
   **उत्तर-** निजीकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत निजी क्षेत्र द्वारा सार्वजनिक उद्यमों पर पूर्ण या आंशिक अधिकार करके उनका प्रबंध किया जाता है।
4. **भूमंडलीकरण को परिभाषित करें।**
   **उत्तर-** भूमंडलीकरण अर्थव्यवस्था को विश्व से जोड़ने वाले संपक सूत्रों को बढ़ने वाली एक प्रक्रिया है ताकि विश्व की आर्थिक व सामाजिक स्तर पर पारस्परिक निर्भरता बढ़ सके।
5. **नयी आर्थिक नीति की घोषणा कब हुई?**
   **उत्तर-** संकेत जुलाई 1991
6. **विश्व व्यापार संगठन के क्या उद्देश्य है?**
   **उत्तर-** संकेत-
   1. अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सीमा शुल्क व गैर सीमा शुल्कों की कमी।
   2. जीवन स्तर में वृद्धि।
   3. व्यापार नीतियों, पर्यावरणीय नीतियों विकास की नीतियों के बीच लिंक स्थापित करना।
   4. एकीकृत व टिकाऊ बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली का विकास व व्यापार जनित झगड़ों का निवारण।
7. **आर्थिक सुधारों के पीछे किन्हीं तीन कारणों को उल्लेख कीजिए?**
   **उत्तर-** संकेत
   1. सार्वजनिक क्षेत्र का खराब प्रदर्शन
   2. भुगतान संतुलन में घाटा
   3. ऋणों का अत्यधिक बोझ
   4. विदेशी विनिमय कोष में गिरावट